# जनवरी में गंगा एक्सप्रेसवे का मोदी करेंगे उद्घाटन

ठाकुर डीपी आर्य ● जागरण

हापुड़ : मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेसवे का काम पूरा हो चुका है। एक्सप्रेसवे के तीसरे खंड में उन्नाव सेक्शन का शेष बचा छह प्रतिशत कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। 594 किमी लंबे एक्सप्रेसवे पर कुल 1498 बड़े स्ट्रक्चर हैं। इनमें से सभी 1498 स्ट्रक्चर का कार्य पूरा हो गया है। मेरठ से बदायूं तक के प्रथम सेक्टर में 129 किमी की लंबाई में कुल बड़े 322 स्ट्रक्चर हैं। इनमें सिंभावली सहित सभी पर कार्य पूरा हो चुका है। यूपीडा के अधिकारियों के अनुसार जनवरी के पहले सप्ताह में इसका ट्रायल पूरा कर लिया जाएगा। उसके बाद अंतिम परीक्षण करके 15 जनवरी के आसपास प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन करेंगे। एक्सप्रेसवे पर पांच स्थानों पर लड़ाकू विमान उतारने योग्य स्ट्रक्चर तैयार किया गया है, जिसका प्रयोग आपात स्थिति में किया जा सकेगा।



गंगा एक्सप्रेसवे ● जागरण

एक्सप्रेसवे का निर्माण पूरा होने के साथ मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ व प्रयागराज के औद्योगिक विकास को भी रफ्तार मिलेगी। एक्सप्रेसवे के दोनों ओर औद्योगिक गलियारा बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा एक्सप्रेसवे के कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 36,230 करोड़ रुपये की परियोजना के लिए 7453.13 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। अभी इसका विस्तार हरिद्वार तक किया जा रहा है। छह लेन में बनाए गए इस एक्सप्रेसवे पर वाहनों की सामान्य रफ्तार 120 किलोमीटर प्रति घंटे के आसपास रहेगी।

एक्सप्रेसवे पर शाहजहांपुर के जलालाबाद में लड़ाकू विमानों के लिए 3.5 किलोमीटर हवाई पट्टी का भी निर्माण पूरा कर लिया गया है। वहीं ऐसे तीन और स्थान विकसित करने की तैयारी है। एडीएम संदीप कुमार ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। अब इसके ट्रायल की तैयारी है। हमारा प्रयास है कि जनवरी के पहले सप्ताह में ट्रायल कराकर दूसरे सप्ताह में इसका उद्घाटन करा लिया जाएगा। हमारी ओर से जनवरी में ही उद्घाटन के लिए शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है।